# प्रदेश में चार बड़ी कंपनियां लगाएंगी ऑक्सीजन प्लांट

लखनऊ। प्रदेश में चार बड़ी कंपनियां जल्द ही ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना करने जा रहीं हैं। इस माह अंत तक समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा। इससे प्रदेश में ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता में 600-700 मीट्रिक टन की वृद्धि होगी। अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अरविंद कुमार के अनुसार, एक बड़ी कंपनी 350 मीट्रिक टन क्षमता का ऑक्सीजन प्रोडक्शन प्लांट स्थापित करेगी। यह कंपनी इस प्रस्ताव को अपने बोर्ड में पास कराने की प्रक्रिया में है। उसके बाद नाम की घोषणा की जाएगी। इसके अलावा आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड भी 200 मीट्रिक टन उत्पादन क्षमता का प्लांट लगाने की सहमति दे चुका है। शेष दो कंपनियां भी कुल 50 से 150 मीट्रिक टन उत्पादन क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट लगाएंगे। उन्होंने कहा, ये सभी कंपनियां प्रदेश की नई ऑक्सीजन उत्पादन प्रोत्साहन नीति के तहत यहां आ रहे हैं। इसमें प्रदेश सरकार की ओर से कई तरह की छूटों की घोषणा की गई है। इन प्रस्तावित प्लांट्स में दो साल के भीतर उत्पादन प्रारंभ हो जाएगा।